भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †11
सोमवार, 25 नवंबर, 2024/4 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**श्री कोदंड राम मंदिर का विकास**

**†11. श्री पी.वी. मिधुन रेड्डी:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आन्ध्र प्रदेश राज्य में प्रसाद योजना के अंतर्गत वर्तमान परियोजनाओं के विकास का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत चार मंदिरों के विकास हेतु आवंटित निधि और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को वोंटीमिट्टा स्थित श्री कोदंड राम मंदिर के विकास के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(घ) यदि हां, तो प्रस्ताव की स्थिति क्या है;

(ङ) क्या सरकार की प्रसाद योजना की परिधि का विस्तार करके इसमें और अधिक मंदिरों को शामिल करने की योजना है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (च): पर्यटन मंत्रालय 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान' (प्रशाद) नामक अपनी योजना के तहत पूर्व में चिह्नित तीर्थ गंतव्यों/विरासत शहरों में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। मंत्रालय ने अपनी प्रशाद योजना के तहत आन्ध्र प्रदेश में 3 परियोजनाओं को मंजूरी दी है जिसका ब्यौरा **अनुबंध** के रूप में संलग्न है। इसके अतिरिक्त, आन्ध्र प्रदेश में प्रशाद योजना के तहत विकास के लिए 'अन्नावरम, काकीनाडा जिला' और 'वेदगिरी लक्ष्मी नरसिम्हास्वामी मंदिर, नेल्लोर जिला' नामक 2 स्थलों को चिह्नित किया गया है।

पर्यटन मंत्रालय को समय-समय पर विभिन्न स्रोतों से प्रस्ताव प्राप्त होते हैं जिनका योजना दिशा-निर्देशों और निर्धारित प्रक्रियाओं के आधार पर मूल्यांकन किया जाता है। तथापि, वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव मंत्रालय में विचाराधीन नहीं है।

*****

**अनुबंध**

श्री पी.वी. मिधुन रेड्डी द्वारा श्री कोदंड राम मंदिर का विकास के संबंध में दिनांक 25.11.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †11 के भाग (क) से (च) के उत्तर में **विवरण**

**आन्ध्र प्रदेश राज्य में पर्यटन मंत्रालय की प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण**

**(करोड़ रु. में)**

| **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **वीकृति वर्ष** | **अनुमोदित लागत** | **जारी राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| आन्ध्र प्रदेश | **1** | अमरावती में तीर्थयात्री सुविधाओं का विकास | 2015-16 | 27.77 | 27.77 |
| | **2** | श्रीसैलम मंदिर का विकास | 2017-18 | 43.08 | 43.08 |
| | **3** | सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 54.04 | 13.69 |

*****